आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 02.04.2026
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने कहा– पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में खरीफ मौसम के लिए उर्वरक, बीज और कृषि रसायनों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध।
- राज्य सरकार चारधाम यात्रा और पर्यटन सीजन के दौरान व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति के लिए केन्द्र से अतिरिक्त आवंटन का अनुरोध करेगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 53 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि जारी की।
- प्रदेश के सभी सरकारी और अशासकीय स्कूलों में सात अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा।

पश्चिम एशिया संघर्ष

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में उर्वरक बीज और कृषि रसायनों का पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध है। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी बैठक में कृषि विभाग की अपर सचिव मनिंदर कौर द्विवेदी ने बताया कि देश भर में खरीफ फसलों के 185 लाख क्विंटल से अधिक बीज उपलब्ध हैं।

अपर सचिव ने कहा कि वर्तमान खरीफ सीजन के लिए पहले से ही 46 प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध हैं और कृषि रसायनों की भी पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि टमाटर, प्याज और आलू सहित प्रमुख फसलों की कीमतें स्थिर हैं और थोक स्तर पर इनमें सुधार दिख रहा है।

गैस आपूर्ति

राज्य सरकार चारधाम यात्रा और पर्यटन सीजन के दौरान व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार से अतिरिक्त आवंटन का अनुरोध करेगी। राज्य में एलपीजी गैस की बढ़ती मांग को देखते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एक रिपोर्ट–

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सचिव आनंद स्वरूप ने तेल कंपनियों के साथ बैठक कर संभावित मांग, भंडारण, आपूर्ति और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान होटल, धर्मशाला, ढाबा और रेस्टोरेंट में गैस की खपत बढ़ जाती है, इसलिए आपूर्ति तंत्र को मजबूत किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। विभाग के अनुसार अप्रैल से नवंबर के बीच राज्य में करीब साढ़े नौ लाख से अधिक व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की आवश्यकता का आकलन किया गया है। इसे देखते हुए अग्रिम योजना बनाकर अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पिछले कुछ दिनों में गैस आपूर्ति तीन हजार से बढ़ाकर छह हजार सिलेंडर प्रतिदिन से अधिक कर दी गई है।

सचिव ने तेल कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि चारधाम यात्रा के दौरान गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रखी जाए और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाए।

चारधाम यात्रा <u>तैयारियां</u>

चारधाम यात्रा के दौरान ईंधन आपूर्ति को लेकर चमोली जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। तीर्थयात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवसायिक उपयोग में आने वाली ईंधन आपूर्ति को लेकर विशेष योजना बनाई जा रही है।

प्रशासन की ओर से व्यावसायिक रसोई गैस के कोटे के उचित वितरण के साथ—साथ ईंधन के वैकल्पिक साधनों पर भी काम किया जा रहा है। इसके तहत डीजल, मिट्टी तेल, पिरुल, लकड़ी और पत्थर के कोयले जैसे विकल्पों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की तैयारी है, ताकि यात्रा अवधि में होटल और ढाबा संचालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में गैस की उपलब्धता के अनुसार वितरण प्रणाली बनाई जा रही है और ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

विकास योजनाओं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 53 करोड़ 56 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। इस धनराशि से देहरादून में नगरीय अवस्थापना सुविधाओं के विकास सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सड़कों का विकास किया जाएगा। साथ ही चमोली में प्राकृतिक आपदा में क्षतिग्रस्त सम्पत्तियों के पुनर्निर्माण एवं राहत राशि तथा डिजिटल फोरेंसिक के निर्माण के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है।

अप्रैल को प्रवेश उत्सव

प्रदेश के सभी सरकारी और अशासकीय स्कूलों में सात अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। इस दिन नव प्रवेशी विद्यार्थियों का अभिभावकों के साथ स्कूल में स्वागत होगा और प्रवेश से वंचित रह गए बच्चों का नामांकन करवाया जाएगा।

शिक्षा महानिदेशक दीप्ति सिंह ने इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी विद्यालयों में छात्र, अभिभावक, शिक्षक सम्मेलन आयोजित किए जाएं। उन्होंने तीन साल की आयु पूरी कर चुके बच्चों का बालवाटिका एक में प्रवेश के लिए खुद आमंत्रण पत्र तैयार कर निकट के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर उनका प्रवेश सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अच्छा परीक्षा परिणाम देने वाले कक्षाध्यापक, विषयाध्यापक व कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं, खेल एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित करने के निर्देश दिये।

भ्रष्टाचार पर प्रहार

देहरादून में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डोईवाला क्षेत्र में तैनात उप शिक्षा अधिकारी और उनकी महिला सहयोगी को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई सतर्कता विभाग द्वारा की गई है।

यह मामला आरटीई प्रतिपूर्ति से जुड़ा बताया गया है, जिसमें रिश्वत की मांग की जा रही थी।

सरकार का कहना है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे।

वैलीब्रिज निर्माण

नैनीताल जिले के कैंचीधाम क्षेत्र में आमजन को जाम की समस्या से राहत देने के लिए वैलीब्रिज बनाया जा रहा है। पर्यटन सीजन से पहले रातिघाट में पुल निर्माण में देरी को देखते हुए करीब 68 लाख रुपये की लागत से 45 मीटर लंबा वैलीब्रिज तैयार किया जा रहा है।

नैनीताल के जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि बाईपास का निर्माण पूरा हो चुका है और लोगों को परेशानी से बचाने के लिए वैलीब्रिज तैयार किया जा रहा है।

इस बाईपास सड़क के शुरू होने से कुमाऊं के अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ समेत अन्य पर्यटन क्षेत्रों में जाने वाले लोगों को कैंचीधाम में लगने वाले लंबे जाम से राहत मिलेगी।

तिथि बढ़ाई

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रा–2026 के लिए चयनित आवेदकों की तीसरी किस्त जमा करने की अंतिम तिथि छह अप्रैल तक बढ़ा दी है। आवेदक ऑनलाइन और बैंक के जरिये शुल्क जमा कर सकते हैं।

राज्य हज समिति के ईओ मोहम्मद आरिफ ने बताया कि जो हज आवेदक तय तिथि तक तीसरी किस्त जमा नहीं कर सके थे वे अब छह अप्रैल तक अपनी किस्त जमा कर सकते हैं।

घरेलू आय सर्वेक्षण शुरू

उत्तराखंड में राष्ट्रीय सांख्यिकीय विभाग ने घरेलू आय सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया है। यह सर्वे मार्च 2027 तक चलेगा। इसके तहत सांख्यिकीय अधिकारियों का दल घर–घर जाकर प्रत्येक परिवार की अलग–अलग स्रोतों से होने वाली आय का डाटा तैयार करेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकीय विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय के उप निदेशक नीतीश कुमार मिश्रा ने बताया कि सर्वे का उद्देश्य प्रत्येक परिवार की वेतन, कृषि, व्यवसाय, मजदूरी व अन्य स्रोतों से होने वाली आय की जानकारी एकत्रित करना है, जिससे देश की वास्तविक आय की स्थिति का आकलन किया जा सके।